RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 03 | WEDNESDAY 14-01-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ



कितने भी संदेश दो, कौन रहा है मान।
थोड़ा-थोड़ा सुधरते, कटते जब चालान।
कटते जब चालान, सुधरते थोड़ा-थोड़ा।
ज्यों ही डंडा हटे, दुलत्ती झाड़े घोड़ा।
कह साहिल कविराय, लोग हैं अड़ियल इतने।
जूं ना रेंगे कान, संदेशे दे लो कितने।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल






Celebrate your Birthday or Anniversary with UTURN TIME in association with

Hot Breads

0161-4603333, 5012222




2 LUCKY WINNERS WILL GET CAKE WORTH OF ₹1200 EACH

*WINNERS WILL BE DECIDED THROUGH LUCKY DRAW *T&C

FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
janhetaishi@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

All rights about Distribution & Offer will be reserved by U-TURN TIME MANAGEMENT Only.

# पंजाब में नियोजित शहरी विकास को रफ्तार, PRTPD बोर्ड ने 4 शहरों के मास्टर प्लान किए मंजूर

## डेरा बाबा नानक, नंगल, बरनाला और नाभा के मास्टर प्लान को मिली हरी झंडी



चंडीगढ़, यूटर्न, 13 जनवरी। पंजाब में सुव्यवस्थित शहरीकरण और आधारभूत ढांचे के विकास को बड़ा प्रोत्साहन मिला है। पंजाब रीजनल एंड टाउन प्लानिंग एंड डेवलपमेंट (PRTPD) बोर्ड की उच्चस्तरीय बैठक में डेरा बाबा नानक, नंगल, बरनाला और नाभा के नए मास्टर प्लान को मंजूरी दे दी गई है। इससे इन शहरों में नियोजित विकास के साथ-साथ औद्योगिक निवेश, आवासीय टाउनशिप और रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। पंजाब भवन, चंडीगढ़ में आयोजित बैठक की अध्यक्षता आवास एवं शहरी विकास मंत्री एस. हरदीप सिंह मुंडियां ने की। बैठक में स्थानीय सरकार, उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन और ऊर्जा मंत्री संजीव अरोड़ा मौजूद रहे, जबकि लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। बैठक में बोर्ड ने राज्य में व्यवस्थित शहरीकरण और इंफ्रास्ट्रक्चर आधारित विकास को मजबूती देने से जुड़े अहम एजेंडों पर चर्चा की। नए मास्टर प्लान लागू होने से शहरों के विस्तार को सुनियोजित दिशा मिलेगी, नागरिक सुविधाओं में सुधार होगा और सुरक्षित सड़क नेटवर्क के साथ शहरी विकास को टिकाऊ बनाया जा सकेगा।इसके अलावा, बोर्ड ने विभिन्न मास्टर प्लानों और यूनिफाइड जोनिंग रेगुलेशंस में संशोधनों को भी मंजूरी दी। खासतौर पर निर्धारित सड़कों के किनारे नो-कंस्ट्रक्शन जोन से जुड़े प्रावधानों को स्पष्ट किया गया, जिससे भविष्य में सड़क विस्तार, यातायात सुरक्षा और नियोजित विकास सुनिश्चित हो सके। बैठक में मुख्य सचिव के.ए.पी. सिन्हा, आवास एवं शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव विकास गर्ग, ग्रामीण विकास एवं पंचायत सचिव अजीत बाला जी जोशी, स्थानीय सरकार सचिव मंजीत सिंह बराड़, राजस्व, पुनर्वास एवं आपदा प्रबंधन सचिव सोनाली गिरी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। यह फैसला पंजाब में नियोजित शहरी विकास की दिशा में एक अहम मील का पत्थर माना जा रहा है।

# पंचकूला पुलिस ने इटली वर्क वीजा के नाम पर फ्रॉड करने वाले दो आरोपियों को अमृतसर से किया गिरफ्तार, आरोपी 3 दिन के पुलिस रिमांड पर



पंचकूला, यूटर्न, 13 जनवरी। पंचकूला में विदेश भेजने के नाम पर की जा रही धोखाधड़ी के मामलों पर सख्त कार्रवाई करते हुए पंचकूला पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। इटली वर्क वीजा दिलाने का झांसा देकर 6 युवाओं के परिवारों से 14 लाख रुपये की ठगी करने वाले दो आरोपियों को एंटी इमिग्रेशन फ्रॉड यूनिट ने पंजाब से गिरफ्तार किया है। पुलिस लगातार ऐसे गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई कर आम जनता को ठगी से बचाने का प्रयास कर रही है। पुलिस को शिकायत प्राप्त हुई थी कि पंचकूला के अलग-अलग परिवारों से संबंध रखने वाले 6 युवाओं को वर्ष 2023 में इटली भेजने के नाम पर ठगा गया। शिकायतकताओं ने बताया कि वे किसी जानकार के माध्यम से आरोपियों से मिले थे, जहां इटली वर्क वीजा लगवाने के बदले कुल 14 लाख रुपये एडवांस देने की बात तय हुई थी। पैसे लेने के बाद आरोपी लंबे समय तक झूठे आश्वासन देते रहे, लेकिन न तो वर्क वीजा लगवाया गया और न ही ठगी की रकम वापस की गई।

इस संबंध में डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने बताया कि शिकायत के आधार पर 19 अगस्त को थाना चंडीमंदिर में भारतीय दंड संहिता की धारा 406, 420, 120-बी तथा इमिग्रेशन एक्ट की धारा 24 के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच एंटी इमिग्रेशन फ्रॉड यूनिट को सौंपी गई। मामले की जांच करते हुए एंटी इमिग्रेशन फ्रॉड यूनिट इंचार्ज योगविन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने 12 जनवरी को दोनों आरोपियों सागर सिंह निवासी जिला अमृतसर (पंजाब) तथा गुरप्रीत सिंह निवासी जिला गुरदासपुर (पंजाब) को अमृतसर के अलग-अलग गांवों से गिरफ्तार किया। आरोपियों की गिरफ्तारी में जांच अधिकारी एएसआई दीपक, एएसआई जगपाल, महिला सिपाही पूनम तथा सिपाही ऋषिपाल की विशेष भूमिका रही।

# सेक्टर-15 में सीवर संकट पर पार्षद सौरभ जोशी सख्त, मौके पर पहुंचकर अधिकारियों से जवाब तलब

चंडीगढ़, यूटर्न, 13 जनवरी। सेक्टर-15 में बार-बार सीवर जाम की समस्या ने अब सियासी और प्रशासनिक स्तर पर हलचल तेज कर दी है। क्षेत्र से लगातार मिल रही शिकायतों के बाद वार्ड नंबर-12 से पार्षद सौरभ जोशी ने नगर निगम चंडीगढ़ के पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों के साथ औचक निरीक्षण कर हालात का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पार्षद का रुख सख्त नजर आया और उन्होंने लापरवाही को लेकर अधिकारियों को मौके पर ही आड़े हाथों लिया।पार्षद सौरभ जोशी ने सेक्टर-15 की आवासीय गलियों, बाजार क्षेत्र, चीप हाउसेज, धोबी घाट और आंतरिक सर्विस लेनों के पीछे बनी सीवर लाइनों का निरीक्षण किया। इस दौरान कई जगहों पर पुरानी संरचनात्मक खामियां, ओवरफ्लो की आशंका और फील्ड स्तर पर निगरानी की कमी सामने आई।





## दफ्तर नहीं, फील्ड में दिखना होगा

निरीक्षण के दौरान पार्षद जोशी ने दो टूक कहा कि नागरिकों को बुनियादी सुविधाओं के लिए बार-बार शिकायतें दर्ज करानी पड़ें, यह व्यवस्था की विफलता है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा लगातार सीवर जाम की शिकायतें बताती हैं कि रूटीन निरीक्षण सही तरीके से नहीं हो रहा। फील्ड में मौजूद रहना कोई विकल्प नहीं, बल्कि आपकी जिम्मेदारी है।

## स्थायी समाधान पर जोर

समस्या के दीर्घकालिक समाधान को लेकर पार्षद जोशी ने पब्लिक हेल्थ विभाग के एक्सईएन को निर्देश दिए कि सेक्टर-15 में प्रस्तावित अतिरिक्त सीवर लाइनों से संबंधित टेंडर प्रक्रिया और तकनीकी योजना की विस्तृत रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि बार-बार की चोकिंग और सीवर ओवरफ्लो से न सिर्फ जनस्वास्थ्य पर खतरा है, बल्कि स्वच्छता व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है।

## स्थानीय लोगों ने जताया भरोसा

निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद स्थानीय निवासियों और दुकानदारों ने पार्षद के अचानक पहुंचे निरीक्षण की सराहना की। लोगों का कहना था कि ऐसे मौके पर किए गए निरीक्षण से अधिकारियों की जवाबदेही तय होती है और आम जनता को यह भरोसा मिलता है कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया जा रहा है।

## 'जीरो टॉलरेंस' की चेतावनी

*पार्षद सौरभ जोशी ने दोहराया कि नागरिक सुविधाओं में लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य, स्वच्छता और नागरिकों की गरिमा से समझौता नहीं होगा और वार्ड नंबर-12 को नजरअंदाज करने की सोच अब नहीं चलेगी। यह औचक निरीक्षण नगर निगम प्रशासन के लिए एक साफ संदेश माना जा रहा है कि सेक्टर-15 की समस्याओं पर अब सख्त कार्रवाई तय है।*

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS



लोहड़ी पर लोगों ने जमकर लिया पतंगबाजी का आनंद

VOL: 11 | ISSUE 03 | WEDNESDAY 14-01-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# गलाडा में जाली डेथ सर्टिफिकेट का खेल!

## मृत घोषित कर करोड़ों की जमीन हड़पने की कोशिश, अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध

लुधियाना, यूटर्न, 13 जनवरी।ग्रेटर लुधियाना एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (गलाडा) एक बार फिर गंभीर आरोपों के घेरे में है। पखोवाल रोड निवासी एस.पी. सिंह ने आरोप लगाया है कि जाली डेथ सर्टिफिकेट के जरिए उनकी दिवंगत मां की करीब एक करोड़ रुपये कीमत की संपत्ति को गलत तरीके से ट्रांसफर करने की कोशिश की गई। हैरानी की बात यह है कि शिकायत के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे गलाडा अधिकारियों की भूमिका पर सवाल खड़े हो गए हैं।

एस.पी. सिंह के अनुसार, उनकी मां जसवंत कौर का निधन 10 अगस्त 2015 को डीएमसी अस्पताल में हुआ था, लेकिन गलाडा कार्यालय में उनके नाम दर्ज प्लॉट नंबर 1117, फेज-2, ढंढारी कला (250 गज) की ट्रांसफर फाइल चल रही थी। जांच में सामने आया कि फाइल के साथ वर्ष 2010 का जगराओं से जारी बताया गया एक डेथ सर्टिफिकेट लगाया गया है, जो पूरी तरह फर्जी है। सर्टिफिकेट में



Government of Punjab

Health and Family Welfare Department

Chief Registrar (Birth & Death), Punjab

Death Certificate

Form - 7

This is to certify that following information has been taken from the original death record which is registered in the birth register of Local Registrar, Birth & Death, MC JAGRAON, Tehsil Jagraon, District Ludhiana of Punjab State for the year 2011.

| | |
|---|---|
| Name of Deceased | JASWANT KAUR |
| Sex | Female |
| Spouse's Name | KULDEEP SINGH |
| Father's Name | NA |
| Name of Deceased's Mother | NA |
| Date Of Death | 08/10/2010 |
| Place Of Death | JAGRAON |
| Date of Registration | 04/07/2011 |

Address of Deceased at the time of death — Permanent Address of the Deceased



लगी फोटो किसी गुरविंदर सिंह की बताई जा रही है, पता भी जगराओं का दर्ज है और मृत्यु वर्ष भी गलत है।

मामले को और गंभीर बनाता है यह तथ्य कि ऑनलाइन रिकॉर्ड में जसवंत कौर के नाम दो डेथ सर्टिफिकेट मौजूद हैं। गुरविंदर सिंह ने स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी ऐसा कोई सर्टिफिकेट





नहीं बनवाया और न ही वह जसवंत कौर को जानते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आधार कार्ड का दुरुपयोग कर फर्जी एंट्री की गई है। जगराओं सेवा केंद्र के क्लर्क भल्ला ने भी सनसनीखेज खुलासा करते हुए कहा कि ऐसे करीब 25 जाली डेथ सर्टिफिकेट के मामले सामने आ चुके हैं। बावजूद इसके, न तो पुलिस को सूचित किया गया और न ही किसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई हुई।

यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले निर्भय सिंह ने भी जाली डेथ सर्टिफिकेट के जरिए फ्लैट ट्रांसफर की शिकायत दी थी, लेकिन वह फाइल भी दबा दी गई।

शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि गलाडा में भूमि माफिया और कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से ऐसे मामलों को जानबूझकर ठंडे बस्ते में डाला जाता है।

जब इस पूरे मामले पर गलाडा के एस्टेट ऑफिसर डॉ. अमन गुप्ता से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा कोई मामला याद नहीं है, हालांकि शिकायत मिलने पर कानूनी कार्रवाई की बात कही।

सवाल यह है—

जब सबूत सामने हैं, तो कार्रवाई क्यों नहीं?

क्या गलाडा जाली दस्तावेजों के सहारे करोड़ों की संपत्तियों की लूट का अड्डा बन चुका है?

# डॉग बाइट अब जानलेवा नहीं : पंजाब में रेबीज पर 881 आम आदमी क्लीनिकों में मुफ्त टीकाकरण



चंडीगढ़, यूटर्न, 13 जनवरी। पंजाब में वर्षों से जानलेवा बनी रेबीज बीमारी पर आखिरकार निर्णायक प्रहार हुआ है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई में राज्य सरकार ने कुत्ते के काटने से फैलने वाली इस 100 प्रतिशत घातक बीमारी से निपटने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाते हुए राज्य के सभी 881 आम आदमी क्लीनिकों में मुफ्त एंटी-रेबीज टीकाकरण शुरू कर दिया है। हर साल लगभग तीन लाख डॉग बाइट मामलों से जूझ रहे पंजाब के लिए यह फैसला जीवनरक्षक साबित हो रहा है। पहले जहां एंटी-रेबीज वैक्सीन केवल गिने-चुने स्वास्थ्य केंद्रों तक सीमित थी, वहीं अब पीड़ितों को इलाज के लिए न लंबी दूरी तय करनी पड़ेगी, न मजदूरी गंवानी होगी और न ही अधूरा टीकाकरण रह जाएगा।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने बताया कि आम आदमी क्लीनिकों के माध्यम से प्राथमिक स्तर पर तुरंत इलाज सुनिश्चित किया जा रहा है। मरीज के पहुँचते ही मिनटों में टीकाकरण शुरू हो रहा है, जिससे रेबीज से होने वाली मौतों के जोखिम को लगभग समाप्त किया जा रहा है, उन्होंने कहा। राज्य में पहले से ही 4.6 करोड़ से अधिक ओपीडी विज़िट्स दर्ज कर चुके आम आदमी क्लीनिक अब रेबीज रोकथाम की सबसे मजबूत ढाल बनकर उभरे हैं। बीते चार महीनों में हर माह औसतन 1,500 से अधिक डॉग बाइट पीड़ितों ने इन क्लीनिकों में इलाज करवाया और बड़ी संख्या में मरीजों ने पूरा पाँच-डोज वाला कोर्स पूरा किया है। ग्रामीण इलाकों, बच्चों और दिहाड़ी मजदूरों के लिए यह पहल केवल इलाज नहीं, बल्कि जीवन की गारंटी बनकर सामने आई है।

# जीरकपुर नगर परिषद के वार्ड-1 में गार्बेज कलेक्शन को लेकर अनियमितता

## तय शुल्क से ज्यादा वसूली का आरोप, पार्षद उषा रानी ने ईओ को दी लिखित शिकायत

जीरकपुर, यूटर्न, 13 जनवरी। जीरकपुर नगर परिषद के वार्ड नंबर-1 में गार्बेज कलेक्शन को लेकर गंभीर अनियमितताओं और मनमानी वसूली का मामला सामने आया है। वार्ड की पार्षद उषा रानी ने इस संबंध में नगर परिषद जीरकपुर के कार्यकारी अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपते हुए तत्काल प्रशासनिक कार्रवाई की मांग की है।

पार्षद द्वारा सौंपे गए पत्र के अनुसार, वार्ड नंबर-1 के राम विहार कॉम्प्लेक्स और आसपास के इलाकों में कूड़ा संग्रहण को लेकर पहले से हुए लिखित समझौते का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। बताया गया कि 27 दिसंबर 2025 को वार्ड के सम्मानित सदस्यों, गार्बेज कलेक्टरों और स्थानीय प्रतिनिधियों की मौजूदगी में एक लिखित समझौता हुआ था, जिसके तहत जनवरी 2026 से प्रति घर 170 रुपये मासिक शुल्क तय किया गया था।



### समझौते के बावजूद मनमानी वसूली का आरोप

शिकायत में कहा गया है कि मौजूदा गार्बेज कलेक्टर तय शर्तों का पालन नहीं कर रहे हैं और निवासियों से जबरन 200 रुपये प्रति घर वसूले जा रहे हैं। इस मनमानी वसूली को लेकर क्षेत्र में भारी रोष है और लोग इसका खुलकर विरोध कर रहे हैं।

### जनता का विरोध, भुगतान रोकने का फैसला

पत्र में उल्लेख किया गया है कि वार्डवासियों ने सामूहिक रूप से निर्णय लिया है कि जब तक पुराने समझौते को लागू नहीं किया जाता, तब तक किसी प्रकार का भुगतान नहीं किया जाएगा। लोगों का कहना है कि नियमों को दरकिनार कर की जा रही वसूली आम जनता पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डाल रही है।

### अधिकारियों को सौंपा गया ज्ञापन

पार्षद उषा रानी और स्थानीय निवासियों के प्रतिनिधिमंडल ने नगर परिषद अधिकारियों से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जा सकता है। नगर परिषद की ओर से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

> कल सुबह नगर परिषद की गाड़ी कूड़ा कलेक्शन के लिए भेज दी जाएगी। — मनोज शर्मा, सैनिटरी इंस्पेक्टर, नगर परिषद

# कनाडा में भारतीय मूल के एक महिला समेत 3 कनाडाई नागरिक गिफ्तार, वाहन चोरी गिरोह से जुड़े थे

मोहाली/यूटर्न/13 जनवरी। कनाडा के ब्रैम्पटन शहर में भारतीय मूल के तीन कनाडाई नागरिकों को पुलिस ने अरेस्ट किया है। वह वाहन चोरी गिरोह से जुड़े हुए थे। कमर्शियल ऑटो क्राइम ब्यूरो की टीम ने इस कार्रवाई में तीन चोरी की गाड़ियां भी बरामद की हैं।

आरोपियों की पहचान अमृतपाल खत्रा, गुरतास भुल्लर और मंदीप कौर के रूप में हुई हैं। इस मामले की जांच दिसंबर 2025 में शुरू हुई थी। जांच में सामने आया कि यह नेटवर्क कारों और ट्रैक्टर-ट्रेलरों की चोरी के साथ-साथ वाहन से जुड़ी धोखाधड़ी में भी शामिल था। पता चला है कि 8 जनवरी 2026 को पुलिस ने ब्रैम्पटन के एक घर में सर्च वारंट के तहत छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने तीन चोरी की गाड़ियां बरामद कीं, जिन पर फर्जी ओंटारियो नंबर प्लेट लगी हुई थीं।





## ऐसे दिया वारदात को अंजाम

अमृतपाल खत्रा (28 पर कई गंभीर आरोप लगे हैं। इनमें अपराध से प्राप्त संपत्ति रखने, फर्जी पहचान चिह्न (काउंटरफिट मार्क) रखने के दो मामले, रिहाई और प्रोबेशन के आदेशों का पालन न करने, वाहन चोरी की कोशिश, 5,000 डॉलर से कम की चोरी, सेंधमारी के औजार रखने, वाहन चोरी और घर में जबरन घुसने (ब्रेक एंड एंटर) के आरोप शामिल हैं। गुरतास भुल्लर (33) पर भी कई आरोप दर्ज किए गए हैं। उस पर वाहन चोरी की कोशिश, सेंधमारी के औजार रखने, रिहाई के आदेश का उल्लंघन करने, अपराध से प्राप्त संपत्ति रखने, वाहन चोरी और घर में जबरन घुसने के आरोप लगाए गए हैं।

# मुख्यमंत्री से मिलकर गदगद दिखाई दिए कश्मीरी छात्र

## हरियाणा दर्शन यात्रा ने एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को और सशक्त किया-मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

पंचकूला, यूटर्न, 13 जनवरी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्यमंत्री निवास ?संत कबीर कुटीर? में कश्मीर से आए छात्र प्रतिनिधिमंडल से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने सभी कश्मीरी छात्र-छात्राओं का आत्मीय स्वागत करते हुए कहा कि उनका स्वयं का भी कश्मीर से गहरा नाता रहा है तथा उन्होंने दक्षिण कश्मीर में सालो समय बिताया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि कश्मीर जितना सुंदर है, वहां के लोगों का मन भी उतना ही सुंदर और संस्कारवान हैं। संवाद के दौरान उन्होंने हरियाणा के विकास की चर्चा करते हुए बताया कि आज प्रदेश में बड़े-बड़े उद्योग स्थापित हुए हैं, जिससे हरियाणा के युवाओं को रोजगार के व्यापक अवसर मिल रहे हैं। साथ ही हरियाणा के विद्यार्थी खेल और शिक्षा के क्षेत्र में देशभर में प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने हरियाणा दर्शन यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की यात्राएं 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को सशक्त करती हैं तथा राष्ट्रीय एकता और आपसी समझ को मजबूत बनाती हैं।





दाल बाजार अड्डे की गली में पतंग बाजी करते हुए राजेश जैन बॉबी मेंबर माइनॉरिटी कमीशन पंजाब सरकार, राज कुमार जैन, सचिन जैन, रवि पंडित जी, प्रियम जैन, उज्ज्वल जियान, खुशबू जैन, युवराज जैन, चारवी जैन, काव्यांश जैन।

# लोहड़ी पर्व पर पंचकूला ट्रैफिक पुलिस ने पशुओं को पहनाई रिफ्लेक्टर बेल्ट, वाहन चालक व लावारिश पशु होंगे महफूज

पंचकूला, यूटर्न, 13 जनवरी। पंचकूला ट्रैफिक पुलिस ने लोहड़ी पर्व पर सड़क सुरक्षा के साथ-साथ सड़क पर घुमने वाले लावारिश पशुओ की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सराहनीय पहल को आगे बढ़ाते हुए पंचकूला-यमूनानगर हाईवे के आस-पास घूमने वाले बेसहारा पशुओं के गले में रिफ्लेक्टर बेल्ट लगाई। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि आज सिटी ट्रैफिक एसएचओ वरिन्द्र कुमार और उनकी पूरी टीम ने आज पंचकूला-यमुनानगर हाईवे पर गश्त कर सभी लावारिश पशुओं को ढूंढा और उन्हें रिफ्लेक्टर बेल्ट पहनाई। हमारी टीम ने यह भी सुनिश्चित किया कि बेल्ट सही तरीके से लगे हों और पशुओं को असुविधा न हो। उन्होने आगे बताया कि हाईवे पर अचानक पशुओं के आ जाने से सड़क हादसों की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसी घटनाओं में न केवल वाहन चालकों की जान को खतरा होता है बल्कि बेसहारा पशु भी गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस द्वारा यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है, ताकि रात के समय दूर से ही वाहन चालकों को पशु स्पष्ट नजर आ सकें और दुर्घटनाओं की आशंका कम हो सके।



# सेक्टर-26 ट्रांसपोर्ट एरिया की समस्याओं पर एमसी कमिश्नर की समीक्षा, सड़क, सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर कई अहम मुद्दे उठे



चंडीगढ़, यूटर्न, 13 जनवरी। नगर निगम चंडीगढ़ के आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने मंगलवार को सेक्टर-26 स्थित ट्रांसपोर्ट एरिया में लंबे समय से लंबित बुनियादी ढांचे, सुरक्षा और नागरिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दों की समीक्षा की। इस दौरान ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को विस्तार से आयुक्त के समक्ष रखा। बैठक में बताया गया कि ट्रांसपोर्ट एरिया की सड़कों की आखिरी बार 2018 और 2021 में री-कारपेटिंग करवाई गई थी, जिसके बाद से उनकी हालत काफी खराब हो चुकी है। एसोसिएशन ने आंतरिक सड़कों की जल्द मरम्मत और मजबूती की मांग की, ताकि वाहनों की आवाजाही सुचारु रूप से हो सके।

# स्वच्छता और रीसाइक्लिंग को लेकर जागरूकता: एमसी चंडीगढ़ ने छात्रों के लिए कराया शैक्षणिक भ्रमण



चंडीगढ़, यूटर्न, 13 जनवरी। स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर निगम चंडीगढ़ ने एक जागरूकता व शैक्षणिक कार्यक्रम के तहत सेक्टर-26 स्थित एसजीजीएस (खालसा कॉलेज) के 100 से अधिक छात्रों को पिंक मटीरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) का शैक्षणिक भ्रमण करवाया इस दौरान छात्रों को शहर की ठोस कचरा प्रबंधन प्रणाली की व्यावहारिक जानकारी दी गई।

अधिकारियों और तकनीकी स्टाफ ने छात्रों को स्रोत पर कचरे के पृथक्करण, सूखे कचरे की रीसाइक्लिंग और पिंक एमआरएफ की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। छात्रों को समझाया गया कि किस तरह कचरे की छंटाई की जाती है, रीसाइक्लेबल सामग्री को अलग किया जाता है और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए सुरक्षित प्रक्रियाएं अपनाई जाती हैं।

**कचरा निपटान की वैज्ञानिक प्रक्रिया से रूबरू हुए छात्र...**पिंक एमआरएफ के भ्रमण के बाद छात्रों को ठोस कचरा प्रबंधन संयंत्र (सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट) ले जाया गया, जहां उन्हें नगर निगम द्वारा अपनाई जा रही वैज्ञानिक कचरा प्रसंस्करण, उपचार और पर्यावरण के अनुकूल निपटान की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। संवादात्मक सत्र के दौरान छात्रों ने आधुनिक कचरा प्रबंधन तकनीकों और शहरी क्षेत्रों में टिकाऊ उपायों के महत्व को समझा।

**युवाओं में पर्यावरण चेतना पर जोर...**इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य छात्रों में स्वच्छता, कचरा कम करने, रीसाइक्लिंग और जिम्मेदार पर्यावरणीय व्यवहार को लेकर जागरूकता बढ़ाना था। साथ ही युवाओं को स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों से जोड़कर एक स्वच्छ और हरित चंडीगढ़ के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना भी इसका लक्ष्य रहा। नगर निगम चंडीगढ़ के अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण और जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि युवा पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाया जा सके और शहर के सतत विकास में उनकी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित हो।

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India



पेज 08 यू-टर्न संभव या जंग तय? तेहरान में उबाल के...

# नगर निगम चंडीगढ़ में लोहड़ी की धूम, मेयर ने शहरवासियों को दी शुभकामनाएं





चंडीगढ़, यूटर्न, 13 जनवरी। नगर निगम चंडीगढ़ ने सेक्टर-17 स्थित एमसीसी भवन में पारंपरिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ लोहड़ी का पर्व मनाया। इस अवसर पर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच उत्सव का माहौल देखने को मिला।लोहड़ी समारोह में शहर की मेयर हरप्रीत कौर बबला, नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, आईएएस और विशेष आयुक्त प्रदीप कुमार, आईएएस विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इनके अलावा पार्षद, वरिष्ठ अधिकारी और निगम के अनेक कर्मचारी कार्यक्रम में शामिल हुए।इस मौके पर मेयर और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उपस्थित कर्मचारियों को लोहड़ी की शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक अलाव प्रज्वलन में भाग लिया। अलाव को समृद्धि, खुशहाली और आपसी भाईचारे का प्रतीक बताया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र



की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं की झलक भी देखने को मिली, जिससे नगर निगम परिवार में एकता और सौहार्द का संदेश गया।

समारोह को संबोधित करते हुए मेयर हरप्रीत कौर बबला ने नगर निगम कर्मचारियों की सराहना की और कहा कि शहरवासियों को बेहतर नागरिक सेवाएं प्रदान करने में उनका योगदान सराहनीय है। उन्होंने सभी कर्मचारियों के उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन की कामना की।नगर निगम आयुक्त अमित कुमार ने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक आयोजन कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ सकारात्मक कार्य वातावरण बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों और कर्मचारियों को मिठाइयां वितरित की गई और खुशी व सौहार्द के माहौल में समारोह संपन्न हुआ।

# लुधियाना के सुधार के युवक की कनाडा के एबॉट्सफोर्ड में गोली मारकर हत्या

चंडीगढ़/यूटर्न/13 जनवरी। लुधियाना के सुधार गांव के कनाडा में जन्मे एक पंजाबी युवक की शुक्रवार को वेस्ट एबॉट्सफोर्ड में गोली मारकर हत्या कर दी गई, कथित तौर पर यह ब्रिटिश कोलंबिया में ड्रग तस्करों के बीच चल रहे गैंग विवाद का नतीजा था। एबॉट्सफोर्ड की इंटीग्रेटेड होमिसाइड इन्वेस्टिगेशन टीम (आईएचआईटी) ने पहले पुष्टि की थी कि हत्या गैंग की गतिविधि से जुड़ी थी, लेकिन पीड़ित की पहचान गुप्त रखी थी। अब मृतक की पहचान 28 वर्षीय नवप्रीत सिंह धालीवाल के रूप में हुई है। डोनी बाल, जिसने पहले कबड्डी प्रमोटर राणा बालाचौर और सरपंच जरमल सिंह की हत्याओं की जिम्मेदारी ली थी, ने कथित तौर पर नवप्रीत की हत्या की जिम्मेदारी ली है।



## 1995 से परिवार है कैनेडा

धालीवाल के पैतृक गांव के सूत्रों ने बताया कि वह बड़े होने के बाद शायद ही कभी सुधार आया था। नवप्रीत के पिता, गुरजिंदर सिंह धालीवाल, नवप्रीत के जन्म से दो साल पहले 1995 में कनाडा चले गए थे। जिस दिन गोलीबारी हुई, नवप्रीत और उसकी मां घर पर थे, जबकि उसके पिता एबॉट्सफोर्ड के एक अस्पताल में अपने दादा, नजर सिंह धालीवाल की देखभाल कर रहे थे।

## स्टडी कर रहा था नवप्रीत

मेहर सिंह धालीवाल ने कहा, उन्होंने दरवाजा तोड़ दिया और नवप्रीत अपने स्टडी रूम में परीक्षा की तैयारी कर रहा था, उसके पैर में गोली मार दी। इससे पहले कि उसकी मां पुलिस को बुला पाती, हमलावर अपना काम पूरा कर चुके थे। एबॉट्सफोर्ड पुलिस को 9 जनवरी को सुबह 12 :38 बजे सिस्किन ड्राइव के 3200 ब्लॉक में गोलीबारी की सूचना मिली। नवप्रीत गंभीर रूप से घायल मिला और बाद में घटनास्थल पर ही उसने दम तोड़ दिया। मामला बाद में IHIT को सौंप दिया गया, जिसने पुष्टि की कि यह ब्रिटिश कोलंबिया में चल रहे गैंग युद्ध से जुड़ा था।

## सोशल मीडिया पर ली जिम्मेदारी

डोनी बाल और मोहब्बत रंधावा ने सोशल मीडिया पोस्ट में जिम्मेदारी लेते हुए आरोप लगाया कि नवप्रीत सरे में उन्हें मारने की तैयारी कर रहा था और अगर उन्होंने पहले कार्रवाई नहीं की होती तो वह उन्हें नुकसान पहुंचा सकता था। 2022 में एबॉट्सफोर्ड पुलिस ड्रग एनफोर्समेंट यूनिट द्वारा शुरू की गई बड़े पैमाने पर ड्रग तस्करी की जांच के दौरान नवप्रीत का नाम भी सामने आया था। उसे 2024 में गिरफ्तार किया गया था और बाद में कुछ शर्तों के साथ रिहा कर दिया गया, जिसमें उसकी आवाजाही और सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर रोक लगाई गई थी।

# मलोया पुलिस ने आरोपी को 7.35 ग्राम हेरोइन के साथ दबोचा ,केस दर्ज

अजीत झा




चंडीगढ़, यूटर्न, 13 जनवरी। चंडीगढ़ पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए मलोया थाना क्षेत्र से एक युवक को हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 7.35 ग्राम हेरोइन बरामद की है। यह कार्रवाई थाना मलोया के प्रभारी इंस्पेक्टर जसबीर सिंह के नेतृत्व में की गई।पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी की पहचान विशाल शर्मा के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि 12 जनवरी की शाम करीब 6:45 बजे पुलिस टीम इलाके में गश्त कर रही थी। इसी दौरान गांव डड्डूमाजरा स्थित श्मशान घाट के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता नजर आया। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास से भारी मात्रा में हेरोइन बरामद हुई।तलाशी के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी नशीला पदार्थ बिना किसी वैध लाइसेंस या परमिट के अपने पास रखे हुए था।

# म्यूज़िकल इवनिंग में बिखेरा आवाज का जादू, यशविका ने गाकर मोह लिया सबका मन

दिनेश मौदगिल

लुधियाना, यूटर्न, 13 जनवरी। इंडियन आईडल अकादमी में अकादमी के मैनेजिंग डायरेक्टर रविनंदन शर्मा और म्यूजिक गुरु रवि साहिल की देखरेख में आयोजित म्यूजिकल इवनिंग में घरेलू लेडीज और कामकाजी जेंट्स के साथ साथ अकादमी के स्टूडेंट्स ने अपनी आवाज का जादू बिखेरते हुए उपस्थिति की वाहवाही लूटी। नन्हीं बच्ची यशविका शर्मा ने अपनी सुरीली आवाज में गाकर सबका मन मोह लिया।म्यूजिकल इवनिंग में लुधियाना बार एसोसिएशन से एडवोकेट प्रेजिडेंट विपन सग्गर ,वाईस प्रेजिडेंट गगन बेदी , सैक्ट्री हिमांशु वालिया , जॉइंट सैक्ट्री रचिन सोनी ,फाइनेस सैक्ट्री मयंक चोपड़ा ,हरजीत सिंह भट्टी, जसबीर सिंह मदान ,पीयूष चावला , रमनदीप सिंह , समर शर्मा , संदीप सिंह, बिंदिया मदान ,विनीत शर्मा , इशजोत , पार्षद अरुण शर्मा, विधायक पुत्र तथा एम्-सी लुधियाना लीगल एडवाइजर गौरव बग्गा , सोनिया ,राजवीर सिद्धू आदि विशेष मेहमानों के तौर पर पहुंचे। अकादमी में पहुंचने पर इन मेहमानों का प्रबंधकों द्वारा स्वागत किया गया तथा उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया। म्यूजिकल इविनिंग में सिंगर हैप्पी सिंह ०उनके भाई जस्सी ने अपनी म्यूजिक एल्बम के गीत गाकर उपस्थिति का समां बांधा। इस अवसर पर डा सुनील लखोत्रा, अरिंधम शर्मा, ह्लींधम धन्जल आदि ने भी अपनी परमोरमेंस दी।



Happy Birthday



Charvi Manocha

Happy Birthday



Charvi Manocha

# विभिन्न स्थानों पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया लोहड़ी पर्व



नगर निगम बठिंडा परिसर में लोहड़ी और माघी के पावन अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## 'अपना घर' में उम्मीद की लोहड़ी: कैंसर से जूझ रहे मरीजों के संग इंटास फाउंडेशन ने बांटी मुस्कानें



चंडीगढ़, यूटर्न, 13 जनवरी। बीमारी और इलाज की कठिन राह पर चल रहे कैंसर मरीजों के लिए लोहड़ी का पर्व इस बार खास बन गया। इंटास फाउंडेशन की ओर से चंडीगढ़ स्थित 'अपना घर' केंद्र में कैंसर मरीजों और उनके केयर टेकरों के साथ भावनात्मक माहौल में लोहड़ी मनाई गई। इस मौके पर इलाज की चिंता से कुछ पल दूर रहकर मरीजों ने एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा कीं और पारंपरिक उत्सव का आनंद लिया।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Limitation Period क्या है और यह क्यों सबसे ज्यादा नजरअंदाज की जाती है?**

कानूनी मामलों में सबसे आम गलती देरी की होती है। लोग यह सोचकर बैठ जाते हैं कि 'अभी समय है', 'बाद में देखेंगे', या 'पहले कोशिश कर लेते हैं, फिर केस करेंगे।' लेकिन कानून में हर अधिकार के साथ एक समय-सीमा (Limitation Period) जुड़ी होती है, और यही देरी कई मजबूत मामलों को कमजोर बना देती है।

Limitation Period का सीधा अर्थ है—किसी कानूनी कार्रवाई को शुरू करने के लिए तय किया गया समय। अगर यह समय निकल जाए, तो अदालत या फोरम मामला सुनने से मना भी कर सकता है, चाहे शिकायत कितनी ही सही क्यों न हो। कानून देरी को गंभीरता से इसलिए देखता है ताकि पुराने विवाद अनंत काल तक लटके न रहें।

Insurance Claim, Consumer Complaint, Accident Claim या अन्य विवादों में यह अक्सर देखा गया है कि लोग Ombudsman या Company के जवाब का इंतजार करते-करते कीमती समय गँवा देते हैं। बाद में जब Consumer Forum या अदालत जाते हैं, तो पहला सवाल यही होता है—शिकायत समय पर क्यों नहीं की गई? देरी का संतोषजनक कारण न होने पर मामला तकनीकी आधार पर खारिज भी हो सकता है।

यह समझना जरूरी है कि Limitation का मतलब यह नहीं कि हर देरी माफ नहीं हो सकती। अगर देरी का उचित और वास्तविक कारण हो—जैसे बीमारी, सही जानकारी का अभाव या परिस्थितिजन्य बाधा—तो उसे समझाया जा सकता है। लेकिन 'लापरवाही' या 'अनदेखी' को आमतौर पर अच्छा कारण नहीं माना जाता। इसलिए किसी भी कानूनी विवाद में पहला सवाल यही होना चाहिए—समय कितना है?

देरी से पहले सलाह लेना और सही मंच पर समय रहते कदम उठाना, पूरे मामले की दिशा तय कर देता है।

निष्कर्ष: Limitation Period कानून की औपचारिकता नहीं, बल्कि न्याय की रीढ़ है। सही मामला भी अगर देर से दायर किया जाए, तो केवल समय की वजह से खारिज हो सकता है। जागरूक नागरिक वही है जो अपने अधिकार के साथ उसकी समय-सीमा को भी समझे—क्योंकि कानून मदद करता है, लेकिन इंतजार नहीं करता।





पंजाब लोक भवन में लोहड़ी का पर्व पूरे पारंपरिक पंजाबी रंग में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पंजाब - हरियाणा के राज्यपाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने समारोह में शिरकत कर उत्सव की रौनक बढ़ाई।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### उत्तर भारत की ठंड

कोहरे में लिपटी हर एक सुबह,  
साँसों में बसी चुभती सी सिहरन।  
सूरज भी जैसे थक कर बोला-  
आज थोड़ा रुक जाए जीवन।  
पुराने स्वेटर में छुपी यादें,  
माँ की बुनी हर एक सलवट।  
अलाव के पास बैठी शामें,  
खामोशी में भी थी चाहत।  
रजाई की गर्माहट में सिमटी,  
बीते कल की धीमी आहट।  
ठंड नहीं थी बस मौसम कोई,  
वो थी अपनों की अनकही राहत।  
उत्तर भारत की ये सर्द हवाएँ,  
जिस्म को नहीं, दिल को छू जाएँ।  
जहाँ ठिठुरन में भी बसता है घर,  
और ठंड में भी रिश्ते मुस्काएँ।

## इनिशिएटर्स ऑफ चेंज और फिक्की फ्लो द्वारा अजनाला में पंजाब बाढ़ राहत हेतु बिस्तरों का वितरण




लुधियाना/यूटर्न/13 जनवरी। एक सार्थक मानवीय पहल के तहत, फिक्की फ्लो लुधियाना ने अपनी अध्यक्ष श्वेता जिंदल के नेतृत्व में पंजाब में हाल ही में आई बाढ़ से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए गद्दों सहित 22 बिस्तरों का वितरण किया। ये बिस्तर इनिशिएटर्स ऑफ चेंज (आईओसी) को दान किए गए, जिन्हें अजनाला क्षेत्र के गांवों मलकपुर, रुरेवाल और दरिया मूसा में पुनर्निर्मित किए जा रहे घरों में उपयोग किया जाएगा। यह पहल चल रहे पंजाब बाढ़ राहत कार्यों का हिस्सा है।

इस पहल को पंजाब टेक्सटाइल्स मर्चेंट एसोसिएशन के श्री सोनू निलिबार एवं उनकी टीम का सहयोग प्राप्त हुआ, जिससे यह सामूहिक राहत प्रयास और सशक्त हुआ। इस अवसर पर राजनी बेक्टर तथा रामटेक्स से जे.पी. सिंह भी उपस्थित रहे और उन्होंने इस नेक कार्य के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया।

दान किए गए बिस्तर नवनिर्मित घरों में लगाए जाएंगे, जिससे बाढ़ से प्रभावित परिवारों को इस विनाश के बाद सम्मान और बुनियादी सुविधा के साथ अपने जीवन को फिर से संवारने में मदद मिलेगी।

# पंजाब में लगातार बिगड़ी कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार और हर मोर्चे पर सरकार की विफलता बड़ी चिंता : एडवोकेट बिक्रम सिद्धू

लुधियाना/यूटर्न/13 जनवरी। पंजाब में बिगड़ती कानून व्यवस्था, बढ़ते भ्रष्टाचार और पंजाब सरकार के हर मोर्चे पर विफल होने की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट बिक्रम सिंह सिद्धू ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रजनीश धीमान की मौजूदगी में मीडिया से विशेष बातचीत की।

उन्होंने कहा कि राज्य में गैंगस्टरवाद, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक विफलता में भारी वृद्धि हुई है। लुधियाना शहर जबरन वसूली और गोलीबारी की घटनाओं का केंद्र बनकर उभर रहा है।

इस दौरान एडवोकेट बिक्रम सिंह सिद्धू ने कहा कि लगभग हर दूसरे दिन राज्य के विभिन्न हिस्सों से गोलीबारी, धमकियों और



जबरन वसूली की खबरें सामने आ रही हैं, जिससे व्यापारियों, उद्योगपतियों और आम नागरिकों में डर का माहौल बन गया है। एडवोकेट बिक्रम सिंह सिद्धू ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कानून व्यवस्था सुधारने के सरकार के बार-बार किए जा रहे दावों के बावजूद जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां करती है। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रेम मित्तल और भाजपा जिला उपाध्यक्ष लक्की चोपड़ा भी मौजूद थे।

# सन फाउंडेशन का 'धियाँ दी लोहड़ी' के माध्यम से युवा सशक्तिकरण का संदेश

लुधियाना, यूटर्न, 13 जनवरी। मल्टी स्किल डेवलपमेंट सेंटर (टरउ्ळ)ने लोहड़ी का पर्व पारंपरिक उल्लास और उत्साह के साथ मनाया। समारोह की विशेष विशेषता यह रही कि प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं ने स्वयं प्रशिक्षक की भूमिका निभाते हुए सांस्कृतिक एवं कौशल-आधारित गतिविधियों का सफल संचालन किया। यह आयोजन धियाँ दी लोहड़ी के रूप में मनाया गया, जो




कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रही युवतियों एवं युवाओं के सशक्तिकरण, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का प्रतीक है। यह समारोह डॉ. विक्रमजीत सिंह सहनी, सांसद (राज्यसभा), सन फाउंडेशन के चेयरमैन तथा वर्ल्ड पंजाबी ऑर्गेनाइजेशन के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा में आयोजित किया गया। पंजाबी संस्कृति के प्रखर संवर्धक डॉ. सहनी ने कहा कि कौशल विकास के साथ सांस्कृतिक परंपराओं का समन्वय युवाओं में पहचान, आत्मबल और सामुदायिक मूल्यों को सुदृढ़ करता है तथा आत्मनिर्भरता एवं समावेशी विकास के संदेश को और अधिक मजबूती प्रदान करता है।

# सीएम की अकाल तख्त पेशी पर घमासान, जत्थेदार ने सीएम को व्यस्त बता टाइम बदला, मान ने कहा-15 जनवरी को मेरा कोई और प्रोग्राम नहीं

पंजाब/यूटर्न/13 जनवरी। पंजाब के सीएम भगवंत मान की 15 जनवरी को अमृतसर में अकाल तख्त के सामने पेशी पर घमासान छिड़ गया है। आज सुबह ही अकाल तख्त सचिवालय की तरफ से बयान जारी कर पेशी का टाइम बदल दिया गया।

इसमें कहा गया है कि अब वह 15 जनवरी को सुबह 10 बजे की जगह शाम साढ़े 4 बजे आएं। जिस पर अब सीएम मान का रिएक्शन आया है। दरअसल, अकाल तख्त ने सीएम मान के दिए बयानों और एक वायरल वीडियो को लेकर स्पष्टीकरण देने को तलब किया है। सीएम मान ने कहा कि 15 जनवरी को मेरा कोई और काम नहीं है। मैंने माननीय राष्ट्रपति जी के ऑफिस को भी बता दिया है। जत्थेदार जी, आपके कहे अनुसार 15 जनवरी का दिन पूरी तरह से श्री अकाल तख्त साहिब को समर्पित है। बता दें कि सीएम भगवंत मान ने कहा था कि वह नंगे पैर अकाल तख्त पर जाएंगे। उन्होंने जत्थेदार से विनती भी की थी कि जब वह सबूतों समेत गोलक का हिसाब-किताब दें तो इस पूरे मामले का लाइव टेलीकास्ट कराया जाए।





## जत्थेदार ने नहीं जारी किया बयान

हालांकि, इसको लेकर अभी जत्थेदार की तरफ से इसको लेकर कोई बयान जारी नहीं किया गया है। चूंकि सीएम अमृतधारी सिख नहीं हैं, इसलिए उन्हें अकाल तख्त की फसील की जगह सचिवालय में पेश होने के लिए कहा गया है। इस बीच चोरी हुए श्री गुरु ग्रंथ साहिब के 328 पावन स्वरूपों के मामले में एसआईटी ने अमृतसर और चंडीगढ़ में एसजीपीसी ऑफिस पहुंचकर छापेमारी की। टीम ने एसजीपीसी के रिकॉर्ड खंगाले।




# लोहड़ी की पावन अग्नि के साथ पंचकूला पुलिस ने लिया समाज की सुरक्षा और सेवा का संकल्प

पंचकूला, यूटर्न, 13 जनवरी। जिले में आज पारंपरिक उल्लास, आपसी सौहार्द और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक पर्व लोहड़ी पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पंचकूला के सैक्टर-1 स्थित पुलिस उपायुक्त कार्यालय तथा सैक्टर-4 स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और अतिथियों ने भाग लेकर पर्व की खुशियां साझा कीं।

सैक्टर-1 स्थित पुलिस उपायुक्त कार्यालय में आयोजित लोहड़ी कार्यक्रम में डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान पंचकूला के पारस अस्पताल के पल्मोनोलॉजी विभाग के सीनियर डायरेक्टर डॉ. अमित मंडल ने उपस्थित



पुलिसकर्मियों को लोहड़ी की शुभकामनाएं देते हुए उनके मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रकाश डाला।

उन्होंने पुलिसकर्मियों को तनावपूर्ण ड्यूटी के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए तनाव प्रबंधन के प्रभावी उपाय, सकारात्मक सोच, नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने पंचकूला पुलिस परिवार एवं जिलेवासियों को लोहड़ी पर्व की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि लोहड़ी केवल एक पर्व ही नहीं, बल्कि नई फसल, समृद्धि, खुशहाली और एक-दूसरे के साथ मिलकर आगे बढ़ने का प्रतीक है।

# यू-टर्न संभव या जंग तय? तेहरान में उबाल के बीच अमेरिका-ईरान आमने-सामने

चंडीगढ़/यूटर्न/13 जनवरी। वाशिंगटन और तेहरान के बीच तनाव एक बार फिर खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। ईरान में बड़े पैमाने पर जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच अमेरिका ने संभावित सैन्य और आर्थिक कार्रवाई के संकेत दिए हैं, जबकि ईरानी नेतृत्व ने स्पष्ट कर दिया है कि उकसाए जाने पर देश युद्ध के लिए तैयार है। दोनों पक्षों की कड़ी बयानबाजी ने पश्चिम एशिया में एक बड़े क्षेत्रीय संकट की आशंका बढ़ा दी है। ये विरोध प्रदर्शन शुरूआत में ईरान की गिरती मुद्रा और गहराते आर्थिक संकट के खिलाफ शुरू हुए थे, लेकिन अब वे कई प्रमुख शहरों में व्यापक सरकार-विरोधी आंदोलन में बदल चुके हैं। सरकार द्वारा संचार माध्यमों पर कड़े प्रतिबंध और सड़कों पर भारी सुरक्षा बलों की तैनाती के कारण हताहतों की वास्तविक संख्या स्पष्ट नहीं है, जिससे हालात और भी अनिश्चित हो गए हैं।



## युद्ध की चेतावनी और कूटनीति के संकेत

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ईरान की कार्रवाई के जवाब में मजबूत विकल्पों की चेतावनी के बाद टकराव और तेज हो गया। इसके जवाब में ईरानी नेताओं ने कहा कि देश किसी भी सैन्य चुनौती का जवाब देने में सक्षम है, हालांकि उन्होंने यह भी संकेत दिया कि टकराव के बजाय संवाद बेहतर रास्ता होगा। दिलचस्प बात यह है कि सार्वजनिक धमकियों के बावजूद, दोनों देशों के बीच सीमित लेकिन गोपनीय कूटनीतिक संपर्क जारी बताए जा रहे हैं।

## आर्थिक दबाव और वैश्विक असर

सैन्य चेतावनियों के साथ-साथ अमेरिका ने उन देशों पर भारी टैरिफ लगाने की योजना घोषित की है जो ईरान के साथ व्यापार जारी रखते हैं। इसका उद्देश्य ईरान को आर्थिक रूप से और अलग-थलग करना है, लेकिन इससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान और ऊर्जा बाजारों में अस्थिरता बढ़ने का खतरा है। ऐसे कदम ईरान की पहले से कमजोर अर्थव्यवस्था पर और दबाव डाल सकते हैं, जिससे आंतरिक असंतोष और गहरा सकता है।

## अशांति के पीछे विदेशी साजिश का आरोप

ईरानी अधिकारियों का दावा है कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों को विदेशी निर्देशों पर काम करने वाले सशस्त्र समूहों ने हिंसक रूप दे दिया है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, कई आवासीय इलाकों से हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए हैं, जिन्हें कथित तौर पर आतंकवादी तत्वों से जोड़ा जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने ऐसे संचार इंटरसेप्ट किए हैं जिनमें देश के बाहर से पुलिस और प्रदर्शनकारियों पर हमले के निर्देश दिए जा रहे थे, ताकि अराजकता फैलाई जा सके। सरकार ने इंटरनेट बंद को यह कहते हुए सही ठहराया है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल हिंसक गतिविधियों के समन्वय के लिए किया जा रहा था।

## भारत के लिए क्या दांव पर है

भारत के लिए यह संकट केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं है। भले ही प्रतिबंधों के कारण ईरान से भारत का कच्चा तेल आयात घटा हो, लेकिन फारसी खाड़ी और होर्मुज जलडमरूमध्य भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इन मार्गों में किसी भी तरह का व्यवधान तेल की कीमतों, महंगाई और आर्थिक स्थिरता को प्रभावित कर सकता है। भारत की रणनीतिक चाबहार बंदरगाह परियोजना भी इस संकट से जुड़ी हुई है। यह परियोजना भारत को अफगानिस्तान और मध्य एशिया से जोड़ने का अहम माध्यम है। यदि क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ती है या प्रतिबंध और सख्त होते हैं, तो यह परियोजना फिर से अनिश्चितता में पड़ सकती है।

*बंद संचार और भय के साये में जीवन...ईरान के भीतर, इंटरनेट बंद और कड़े सुरक्षा इंतजामों ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। बैंकिंग, व्यापार और आवश्यक सेवाएं बाधित हैं। बड़े शहरों में सुरक्षा बलों की भारी मौजूदगी और आगजनी की घटनाएं यह संकेत देती हैं कि हालात अभी सामान्य होने से दूर हैं।*

# कनाडा की सबसे बड़ी सोने की चोरी, संदिग्धों में से एक का पता चंडीगढ़ के बाहरी इलाके में

चंडीगढ़/यूटर्न/13 जनवरी। कनाडा के पील रीजन की पुलिस ने प्रोजेक्ट 24के के सिलसिले में एक आदमी को गिरफ्तार किया है। यह जांच 20 मिलियन डॉलर से ज्यादा के सोने की छड़ों की चोरी से जुड़ी है, जो देश के इतिहास की सबसे बड़ी सोने की चोरी है। पील रीजनल पुलिस की वेबसाइट पर एक ऑफिशियल रिलीज के मुताबिक, 43 साल के अरसलान चौधरी को सोमवार को दुबई, संयुक्त अरब अमीरात से फ्लाइट से आने के बाद टोरंटो पियर्सन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि चौधरी का कोई तय पता नहीं है, लेकिन पहले की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि वह मिसिसॉगा का रहने वाला है। उस पर 5,000 डॉलर से ज्यादा की चोरी, अपराध से हासिल की गई संपत्ति रखने और गंभीर अपराध करने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है।



## २०२३ का है मामला

यह मामला 17 अप्रैल, 2023 का है, जब स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख से एक फ्लाइट टोरंटो पियर्सन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरी थी, जिसमें लगभग 400 किलोग्राम .9999-शुद्ध सोना था - जो लगभग 6,600 छड़ों के बराबर था - जिसकी कीमत 20 मिलियन डॉलर से ज्यादा थी, साथ ही 2.5 मिलियन डॉलर की विदेशी मुद्रा भी थी। शिपमेंट को उतारकर एयरपोर्ट की प्रॉपर्टी पर एक अलग जगह पर ले जाया गया था, लेकिन कुछ ही घंटों बाद उसके गायब होने की खबर मिली।

## दो आरोपी अभी फरार

हालांकि, दो लोग अभी भी फरार हैं, जिनमें ब्रैम्पटन का 33 साल का सिमरन प्रीत पनेसर भी शामिल है, जो एयर कनाडा का पूर्व कर्मचारी है। माना जाता है कि पनेसर भारत में है, उस पर एयरलाइन सिस्टम में हेरफेर करके कार्गो शिपमेंट की पहचान करने और उसे डायवर्ट करने में मदद करने का आरोप है। पिछले साल उसका पता चंडीगढ़ के बाहरी इलाके में एक किराए के फ्लैट में चला था। बयान में कहा कि चौधरी को जमानत की सुनवाई के लिए हिरासत में लिया गया था और वह ब्रैम्पटन में ओंटारियो कोर्ट ऑफ जस्टिस में पेश हुआ।

## यह आरोपी हुए गिरफ्तार

एक और आरोपी, ब्राम्पटन के 36 साल के प्रसाद परमालिंघम के खिलाफ 19 अगस्त, 2024 को कोर्ट में पेश न होने के बाद बेंच वारंट जारी किया गया है। आरोपी, अर्चित ग्रोवर को मई 2024 में भारत से आने के बाद पियर्सन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया था। अब तक गिरफ्तार किए गए अन्य लोगों में भारतीय मूल के दो लोग शामिल हैं - परमपाल सिद्धू, 54, और अमित जलोटा, 40, दोनों ओंटारियो के रहने वाले हैं। अम्माद चौधरी, 43, अली रजा, 37, और प्रसाद परमालिंघम, 36, को भी हिरासत में लिया गया है।

# सेवा भारती सराय में लोहड़ी का उत्सवः पीजीआईएमईआर ने मरीजों और तीमारदारों संग बांटी गर्मजोशी और अपनापन





चंडीगढ़, यूटर्न, 13 जनवरी। पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (पीजीआईएमईआर) ने मंगलवार को सेवा भारती सराय में मरीजों और उनके तीमारदारों के साथ लोहड़ी का पर्व मनाया। इस आयोजन का उद्देश्य इलाज के दौरान घर से दूर रह रहे मरीजों को भावनात्मक सहारा देना और उनमें अपनापन व उम्मीद का एहसास कराना रहा। कार्यक्रम का आयोजन अस्पताल प्रशासन एवं रिसेप्शन विभाग द्वारा किया गया।इस अवसर पर उन मरीजों और तीमारदारों को विशेष रूप से शामिल किया गया, जो लंबे समय से इलाज के चलते अपने परिवार और घर से दूर हैं और त्योहार के मौके पर अकेलापन महसूस कर रहे हैं। आयोजन के माध्यम से लोहड़ी के पारंपरिक उल्लास, आपसी जुड़ाव और साथ होने की भावना को दोबारा जीवंत करने का प्रयास किया गया।

## 'इलाज सिर्फ दवाओं से नहीं, संवेदनाओं से भी होता है'

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीजीआईएमईआर के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट एवं अस्पताल प्रशासन विभाग के प्रमुख प्रो. विपिन कौशल ने कहा कि पीजीआईएमईआर केवल चिकित्सा उत्कृष्टता का केंद्र ही नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों और करुणा का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा मरीजों और उनके तीमारदारों के साथ लोहड़ी जैसे पर्व मनाना यह दर्शाता है कि उपचार सिर्फ दवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि दया, गर्मजोशी और भावनात्मक सहयोग भी उतना ही जरूरी है।

## मरीजों को बांटे गए कंबल

लोहड़ी उत्सव के दौरान विश्व मानव रूहानी केंद्र की ओर से मरीजों और तीमारदारों को सर्दी से राहत के लिए कंबल वितरित किए गए। इस पहल को उपस्थित लोगों ने सराहा और इसे कठिन समय में सहारा देने वाला कदम बताया।विश्व मानव रूहानी केंद्र के प्रतिनिधि ने कहा कि संस्था का उद्देश्य बिना किसी भेदभाव के मानवता की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि लोहड़ी के अवसर पर मरीजों और उनके परिवारों के साथ गर्मजोशी साझा कर उन्हें यह एहसास दिलाना चाहा गया कि समाज उनके साथ खड़ा है।

## सहयोग से बना पारिवारिक माहौल

इस अवसर पर पीजीआईएमईआर के अतिरिक्त मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. अशोक कुमार सहित अस्पताल प्रशासन विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने अस्पताल प्रशासन, स्वयंसेवकों और सहयोगी संस्थाओं के संयुक्त प्रयासों की सराहना की, जिनके कारण मरीजों के लिए घर जैसा, सकारात्मक और सुकूनभरा माहौल बन सका।यह आयोजन इस संदेश के साथ संपन्न हुआ कि लोहड़ी सिर्फ उत्सव नहीं, बल्कि साथ, संवेदना और जरूरतमंदों तक मदद का हाथ बढ़ाने का प्रतीक है।पीजीआईएमईआर ऐसे आयोजनों के माध्यम से यह साबित करता है कि समग्र स्वास्थ्य सेवा में करुणा और मानवीय सरोकारों की अहम भूमिका होती है।